तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 26 अप्रैल 2026



14 मुझगहन माइनर नहर फूटी, हजारों लीटर पानी ...





14 राजीव गांधी ने गांवों को मुख्यधारा से जोड़कर ...







Shri Gopala Hospital
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल



बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध



24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज



बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध


## खबर संक्षेप

### गाली देने पर युवक पर हमला, मामला दर्ज

**बालोद।** गाली देने का आरोप लगाते हुए युवक ने एक अन्य युवक के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने आरोपी युवक के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नं. 13 गुण्डरदेही निवासी सौरभ शर्मा ने पुलिस को बताया कि रात्रि बस स्टैण्ड तरफ से आ रहा था तभी रेस्ट हाऊस गुण्डरदेही के पास इन्द्र कुमार चंद्राकर द्वारा मै फोन में सुना हूं, तुम मुझे गाली देते आ रहे हो कहकर मुझे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे हुए धारदार वस्तु से बाये हांथ के कोहनी, पेट में बाये तरफ मारा है, जिससे चोंट आया है, खुन निकला है, दर्द हो रहा है।

### खुर्सीपार रेलवे फाटक 2 मई तक के लिए बंद



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अंतर्गत भिलाई–भिलाई नगर के बीच स्थित खुर्सीपार रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते सड़क वाहनों का आवागमन अब 2 मई 2026 तक बंद रहेगा। रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, समपार फाटक क्रमांक किमी 855/7-9 पर अप लाइन में आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पहले 18 अप्रैल 2026 की शाम 8 बजे से 27 अप्रैल 2026 की सुबह 8 बजे तक यातायात बंद किया गया था। अब अतिरिक्त मशीनी कार्य के कारण इस अवधि को बढ़ाते हुए 2 मई 2026 की रात 8 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान आम नागरिकों और वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

### फर्जी कंपनी बनाकर नशे का कारोबार, 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे का बड़ा कारोबार करने वाले चार युवकों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौकी स्मृति नगर और एसीसीयू की टीम ने दबिश देकर आपरोपियों से 800 बोतल नशीली सिरप, एक कार, एक्टिवा, मोबाइल फोन समेत नकदी रकम जब्त किया है। 23 अप्रैल पुलिस टीम जुनवानी-खम्हरिया रोड पर युवकों द्वारा प्रतिबंधित सिरप बेचने के लिए कार में लेकर जा रहे थे। घेराबंदी कर सीजी-07/8595 रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 7 कार्टून में पैक 800 बोतल कोडीन युक्त नशीली सिरप बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि यह एक सामान्य आपूर्ति नहीं, बल्कि संगठित तस्करी का नेटवर्क था। मामले में पुलिस ने कादम्बरी नगर, दुर्ग निवासी योगेश शर्मा, पदमनाभपुर उमेश कुमार यादव, पोलसाय पारा महावीर जैन उर्फ रोहित,शंकर नगर दुर्ग सतीश मेश्रामको पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि आरोपी योगेश शर्मा और उमेश कुमार यादव ने असली ड्रग लाइसेंस में हेरफेर कर फर्जी लाइसेंस बनाया था। फर्जी दस्तावेज, नकली लेटरपैड, सील का उपयोग करके गुजरात स्थित कंपनियों से प्रतिबंधित सिरप का ऑर्डर देते थे।

अव्यवस्था : छाया और पेयजल की कमी से बिगड़ी स्थिति

# अर्जुंदा में मदिरा दुकान के बाहर युवक की मौत अव्यवस्था और गर्मी बनी वजह, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुंदा

नगर की देशी मदिरा दुकान में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां शराब लेने के लिए लगी भीड़ के बीच काउंटर के सामने ही एक 40 वर्षीय युवक की अचानक मौत हो गई। मृतक पाटन-करेला क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है, जो पास के ग्राम मटिया (अ) में एक शादी समारोह में शामिल होने आया था।



### 20 दिन बाद शराब पहुंची, उमड़ी भीड़

*जानकारी के अनुसार, करीब 20 दिनों बाद अर्जुंदा की देशी मदिरा दुकान में शराब की खेप पहुंची थी। इसके चलते सुबह से ही दुकान के बाहर भारी भीड़ लग गई थी। तेज गर्मी और भीड़ के बीच लोग लंबे समय तक लाइन में खड़े रहे।*

### चक्कर आने से गिरे, मौके पर ही मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक अपने हाथ में पैसे लिए लाइन में खड़ा था, तभी अचानक उसे चक्कर आया और वह जमीन पर गिर पड़ा। गिरने के तुरंत बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में घर ले गए। फिलहाल मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### दुकान में छाया और पानी की व्यवस्था नहीं

घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि मदिरा दुकान में न तो छाया की कोई व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की सुविधा। भीषण गर्मी में ग्राहकों और कर्मचारियों दोनों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। कर्मचारियों को भी पानी के लिए करीब 2 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

### ओवररेट की शिकायत

इन दिनों विदेशी मदिरा दुकानों में भी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्राहकों का आरोप है कि दुकानों में ओवररेट शराब बेची जा रही है। साथ ही फ्रीजर खराब होने का बोर्ड लगाकर गर्म बियर बेची जा रही है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है।

### लापरवाही पर उठे सवाल

युवक की मौत के बाद मदिरा दुकान की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दुकानों में छाया, पेयजल और भीड़ नियंत्रण जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# बालोद के खिलाड़ियों ने मिक्सड मैरिटल आर्ट्स नेशनल चैम्पियनशिप में जीते स्वर्ण व कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला के ब्रदर्स कॉम्बैट क्लब बालोद के खिलाड़ियों ने मिक्सड मैरिटल आर्ट्स नेशनल चौम्पियनशिप गेम लखनऊ उत्तर प्रदेश में गोल्ड और कांस्य पदक की उपलब्धि हासिल की। क्लब के कोच आकाश यादव से फाइटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर निहाल साहू 16 वर्ष ने 51 किलो भार समूह में स्वर्ण पदक और आकाश यादव ने 71 किलोग्राम भार समूह में कांस्य पदक जीत अर्जित किया।

■ राष्ट्रीय मंच पर बालोद के खिलाड़ियों की जीत से खुशी की लहर

जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद में कुश्ती, कबड्डी, मलखंभ और अब बॉक्सिंग खेल की यह उपलब्धि बालोद जिला, अपने छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर रही

बॉक्सिंग में इस ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर अखाड़ा परिसर में संस्था के संरक्षक आनंद ढीमर, नेमीचंद नाग, अध्यक्ष रामेश्वर ढीमर, सचिव विजय पारख, संस्था के पदाधिकारीगण अंगद साहू, द्वारिका सिन्हा, मुकेश यादव, रवि पटेल, तनवीर आलम, जागेश्वर साहू, एवं टीकम ढीमर, बलवंत गोस्वामी ने कोच आकाश यादव हर्श व्यक्त किया एवं सभी विजेता खिलाड़ियों का कुमकुम तिलक से स्वागत किया।

# जिले में विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से जनगणना 2027 की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों के द्वारा बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों में आज 24 अप्रैल को आयोजित विशेष ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों को जनगणना 2027 के कार्यों के संबंध में जानकारी दी गई।

इस दौरान उन्होंने जनगणना के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी नागरिकों से जनगणना कार्य में लगे प्रगणकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर जनगणना के राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान जनगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा विशेष ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को ऑनलाईन स्वगणना भरने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए सभी को ऑनलाईन स्वगणना भरने के लिए प्रेरित भी किया गया।





उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में जनगणना कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों का द्वितीय चरण का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। इसके अंतर्गत आज डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्राची ठाकुर ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जमरूवा एवं ओरमा तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत दुपेचरा में पहुँचकर जनगणना के कार्य का अवलोकन किया।

# 40 साल पुराने गुलमोहर पेड़ की कटाई पर बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुंदा

एक तरफ जहां सरकार पेड़ लगाओ प्यावरण बचाओ का अभियान चल रही है, वहीं ग्राम पंचायत मुंदेरा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूल के प्रधान पाठक रेखा उईके द्वारा शाला परिसर के लगभग 40 साल पुराने पेड़ को बिना पंचायत प्रस्ताव बिना शाला विकाश समिति के जानकारी के अपनी मनमानी करके कटवाया जा रहा है, हद तो तब हो गई जब ग्रामीण इसका विरोध करने पहुंचे तो प्रधान पाठक द्वारा गांव वालों को कहा गया कि जो करना है कर लो, जहां शिकायत करना है कर लो। ग्रामीणों ने बताया कि आज ⏭ शेष पेज 13 पर



# गौ माता सम्मान महाअभियान पर कल निकाली जाएगी जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

भारतीय संस्कृति में गौ माता को विशेष स्थान दिलाने और उनकी सेवा, सुरक्षा व सम्मान को लेकर एक व्यापक जनजागरण अभियान के तहत 27 अप्रैल, सोमवार को दल्लीराजहरा में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर सुबह 10:00 बजे से गौ माता सम्मान समारोह के साथ पूरे नगर में भव्य रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। यह आयोजन देशभर में चल रहे उस अभियान का हिस्सा है, जिसमें गौ माता को ⏭ शेष पेज 13 पर





देशभर के युवाओं ने साझा किए अनुभव, सीखी नेतृत्व की कला

# राष्ट्रीय सम्मेलन में बालोद के युवाओं ने लोक संस्कृति पर दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

आर्ट ऑफ गिविंग के तत्वावधान में 18 से 20 अप्रैल तक कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडूरियल टेक्नोलॉजी कीट विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर उड़ीसा में तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा सम्मेलन 2026 मे जिला सहित प्रदेश व विभिन्न राज्यों से चयनित युवा समन्वयकों एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस वर्ष जिसका थीम शेयर टू साइन रहा।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की भावना को विकसित करना रहा। सम्मेलन के दौरान प्रतिभागियों को प्रख्यात समाजसेवी, शिक्षाविद एवं आर्ट ऑफ गिविंग के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत के विचारों एवं अनुभवों से प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर मिला। छत्तीसगढ़ के युवाओं ने डॉ अच्युत सामंत जी का छत्तीसगढ़ का राजकीय गमछा और छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर और धान भेंट कर सम्मानित किया गया।



तीन दिवसीय कार्यक्रम में इंटरैक्टिव सत्र, नेतृत्व एवं सामाजिक प्रभाव पर कार्यशालाएं, सक्रिय समन्वयकों द्वारा अनुभव साझा करना, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नेटवर्किंग गतिविधियां प्रमुख रहीं। साथ ही आगामी समय में राज्यों एवं जिलों में आयोजित होने वाले एओजी कार्यक्रमों के लिए विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

आर्ट ऑफ लिविंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुनीत प्रधान ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को सकारात्मक दिशा मिलती है और समाज में सेवा व सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की संध्या में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने छत्तीसगढ़ की लोक कला संस्कृति विरासत पर आधारित गीतों पर सुवा नृत्य, पंथी नृत्य, राऊत नाचा, कर्मा नृत्य, आदिवासी नृत्य की ,प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में बालोद जिले के शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक शबाना बेगम, यशवंत कुमार टंडन, नेहा साहू, फनेश्वरी साहू, पूजा कुंभकार, अजय कुमार साहू, सूरज नागवंशी, देवेन्द्र कुमार ठाकुर, चेतन सिन्हा ने हिस्सा लिया। जिसमें जम्मू–कश्मीर एवं छत्तीसगढ़ के राज्य समन्वयक जीवन सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।




गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
+
इंसेन्टिव
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 6 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय :
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.)
Resume करें - 9977374898

**खबर संक्षेप**

### डोंडी सरस्वती शिशु मंदिर घोटिया का परीक्षा परिणाम

**डोंडी।** सरस्वती शिशु मंदिर घोटिया का परीक्षा परिणाम घोषित। गढ़िया देव शिक्षण समिति घोटिया द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय घोटिया का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, तत्पश्चात परीक्षा प्रमुख सुनील कुमार पटेल के द्वारा परीक्षा परिणाम की घोषणा की, जिसमें अरुण में डेंसी 99%प्रथम, अयान साहू 98.5%द्वितीय, शुभांगी 98%तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में गढ़िया देव शिक्षण समिति घोटिया के अध्यक्ष गोवर्धन सिंह कोर्राम, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू, सचिव भोज कुमार साहू, सयुक्त सचिव उमेंद लाल डोंगरे, कोषाध्यक्ष टिकेश्वर राम साहू, जयंत्री साहू, सुल्ताना पटेल एवम् अभिभावक गण उपस्थित थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य युधिष्ठिर साहू, आचार्य मनभा रावते, योगेश कुमार, टेमिन यादव, मोनिका साहू, यमुना निषाद, योगेश्वरी निषाद, गोदावरी निषाद, यश साहू शामिल रहे।

### एकलव्य स्कूल डोंडी के तीन छात्रों ने जेईई मेन्स किया क्वालिफाई

**डोंडी।** डोंडी स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल के तीन विद्यार्थियों—तुषार कुमार, जागृति और भेनू ने जेईई मेन्स परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वर्तमान में तीनों छात्र दिल्ली में रहकर जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह सफलता हासिल की। प्राचार्य व शिक्षकों के मार्गदर्शन को इसका प्रमुख श्रेय दिया जा रहा है। विद्यालय परिवार और क्षेत्र में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है।

### खेल अकादमियों में प्रवेश हेतु चयन ट्रायल, 26 तक आवेदन का मौका

**बालोद।** राजधानी रायपुर में संचालित आवासीय खेल अकादमियों में नए खिलाड़ियों के प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर जिले में संचालित हॉकी, तीरंदाजी, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग और एथलेटिक्स (बालक एवं बालिका वर्ग) के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज की जाएगी। इस चयन प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक बालोद जिले के पात्र खिलाड़ी 26 अप्रैल की दोपहर 12 बजे तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी हिस्सा ले सकते हैं जिनकी आयु 1 अप्रैल 2026 की स्थिति में 13 से 17 वर्ष के बीच है। उन्होंने बताया कि जिले के इच्छुक प्रतिभागी अपना पंजीयन प्रपत्र और आवश्यक दस्तावेज निर्धारित तिथि एवं समय में व्हाट्सएप नंबर 8305819579 पर भेज सकते हैं। पंजी—त खिलाड़ियों को ही तय तिथियों पर रायपुर में आयोजित होने वाले ट्रायल में शामिल होने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि चयन ट्रायल का आयोजन रायपुर के कोटा स्टेडियम और तीरंदाजी एरिना में किया जाएगा। तीरंदाजी, फुटबॉल और वेटलिफ्टिंग के लिए ट्रायल 28 से 29 अप्रैल तक चलेंगे। वहीं, हॉकी और एथलेटिक्स के लिए चयन प्रक्रिया 30 अप्रैल से 1 मई 2026 तक आयोजित की जाएगी।

# मुझगहन माइनर नहर फूटी, हजारों लीटर पानी बहा; विभागीय लापरवाही पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गंगरेल के रूद्री बैराज से जुड़ी मुजगहन माईनर नहर करहीभदर के खार क्षेत्र में अचानक फूट गई। जिसमे नहर का पार धंसने से बड़ा छेर हो गया और हजारो लीटर पानी खेतों मे बह कर बर्बाद हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार नहर से पानी का रिसाव देर रात से शुरू हो गया था, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने समय रहते कोई कार्यवाही नही की, जिसके कारण छोटा सा छेद सुबह तक बड़ा होकर नहर का पानी यू ही बहते रहा। बताया जा रहा है कि नहर के मरम्मत के लिए विभाग द्वारा लगातार पत्र लिखा जा रहा है, लेकिन इस ओर विभाग ने ध्यान नही दिया, उस पर उसमे पक्की डामर सड़क बनाया

**रात से हो रहा था रिसाव, सुबह तक बढ़ा नुकसान**



**लोगो को पानी के प्रति कर रही है जागरूक**

जहां एक ओर शासन प्रशासन नीर चेतन के तहत कई जागरूकता कार्यक्रम चलाकर लोगो को पानी के प्रति जागरूक कर रही है वही प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे ऐसे कार्यक्रम के बाद स्वयं प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियो द्वारा बरती जा रही लापरवाही बड़ा सवालिया निशान खड़ी करती है। जहां किसान बिना अनुमति के नहर से पानी ले तो किसानो पर कानूनी कार्यवाही कर कठोर कदम उठाए जाते है, लेकिन इस बड़ी लापरवाही से ना सिर्फ किसानो को नुकसान हुआ है बल्कि उन्हे दिक्कतो का सामना करना पड़ा है, जिस पर किसान जिम्मेदारो पर कार्यवाही की मांग कर रहे है।



गया है जिससे अब भारी वाहन भी उसमे वलने लगे है जिससे पहले से ही कमजोर नहर का बैंक और कमजोर होने कह बात कही जा रही है। चर्चा है कि विभाग द्वारा मरम्मत के कार्य कराए जा पर उस पर भी नहर का फूटना मरम्मत के कार्य मे सवालिया निशान खड़ा करता है।

**आयोजन :** राज दिवस पर रिसामा में सम्मेलन, ग्राम स्वराज और सशक्तीकरण पर जोर

# राजीव गांधी ने गांवों को मुख्यधारा से जोड़कर भारत के गांवों को सशक्त बनाया : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम रिसामा में राजिव गांधी पंचायती राज दिवस के अवसर पर पंचायती राज सम्मेलन का आयोजन रखा गया। जिसमें राजीव गांधी पंचायती राज संगठन (कांग्रेस) द्वारा 24 अप्रैल, 2026 (राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस) पंचायती राज पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान ग्रामसभा संवाद और पंचायती राज सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें ग्राम स्वराज, मनरेगा, और ग्रामीण विकास पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं व सरपंचों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम आयोजक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष

गीता महानंद राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ नेतृत्व में जिले के ग्राम रिसामा में पंचायती राज सम्मेलन का आयोजन रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष, पंचायती राज संगठन छत्तीसगढ़ महेन्द्र नेताम,कार्यकरणी अध्यक्ष गीता महानन्द विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख,नंद कुमार सेन, डिकेंद्र हिरवानी,पूर्व सभा. जिला पं.दुर्ग योगीता चन्द्राकर, उप अध्यक्ष जनपद पंचायत राकेश हिरवानी पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेन्द्र सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी



लाल देशमुख जनपद सदस्य झमित गायकवाड़, सरपंच रिसामा रोशन साहू उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने पंचायती राज दिवस के अवसर पर स्थानीय निकायों के प्रमुखों, पंचों और सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने /"भारत के गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सशक्त बनाया।उन्होंने आगे कहा, /"पंचायती राज महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी ने गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़कर भारत के गांवों को सशक्त बनाया। उन्होंने पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से हर वर्ग के अधिकारों को सुनिश्चित किया और जनभागीदारी की गारंटी दी। आगे कहा की 24 अप्रैल का दिन ग्रामीण क्षेत्र सहित देश के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को देश की राजनीति में हिस्सेदारी देने की दिन है 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस हम इसी लिए मनाते हैं क्योंकि आज के दिन 1993 में 73 वा संविधान संशोधन कर कांग्रेस पार्टी ने देश की राजनीति में आम नागरिकों की हिस्सेदारी देने का काम किया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व.पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का ग्राम स्वराज का सपना पूरा हुआ। इक्कीसवीं सदी के स्वप्नद्रष्टा पुर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी जी ने इस संविधान संशोधन विधेयक में एक तिहाई महिला आरक्षण सुनिश्चित किया।देश में कांग्रेस सरकार ने ग्राम पंचायतों का गठन कर देश विकास एवं गांव विकास के मुल ढांचे की स्थापित कर पंचायतों को मुल अधिकार दिया था।

**पंचायतों के अधिकारों का हनन**

भाजपा सरकार ने पंचायतों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अधिकार पंचायतों से छिन कर प्रशासनिक अधिकारियों के हाथों में सौंप दिए जिससे गांव विकास में बाधा उत्पन्न हो रही । केंद्र और राज्य में भाजपा सरकार के दौरान ग्राम पंचायतों के अधिकारों का हनन किया है आज की स्तिथि मनरेगा में बदलाव, पंचायतों के वित्तीय अधिकारों में कटौती और भाजपा पदाधिकारियों की भागीदारी से पंचायती राज को कमजोर किया गया है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विभिन्न पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व सरपंचो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर घसिया राम देशमुख, मुक्ति सुधाकर, पोषण सिंह ठाकुर, रेखा चतुर्वेदी,ज्योति यादव,उमा रिगरी,ललिता बारले, गोवर्धन बारले, दिलीप साहू, युगल साहू, पोषण साहू, तेजराम चंदेल,टिकेंद्र ठाकुर, घनश्याम गजपाल,केशरी साहू, धर्मेंद्र बंजारे,प्यारी निषाद,मिलनतिन ठाकुर,किशोरी देशमुख, हरेंद्र देव,भरत चन्द्रकार, आत्मा राम पटेल, अरुण गौतम, नवनीत चन्द्रकार,भूपेश, युवराज,शशि, सरोज,आशा, मीना,सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बालोद में 1 से 500 घरों में होगा गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गायत्री परिवार बालोद द्वारा गोष्ठी संपन्न हुआ है जिसमें बालोद ब्लॉक में 500 नए घरों में गृहे गृहे गायत्री महा यज्ञ 1 से 4 मई तक किया जाना है। जिसके लिए गोष्ठी आयोजित कर आचार्यों का चयन किया गया है। शांतिकुंज हरिद्वार से पूरे भारत में 1 मई से गृहे गृहे यज्ञ प्रारंभ करने का निर्देश है, इस संबंध में गुरुवार को गायत्री मंदिर में बैठक हुई, जिसमें पूरे बालोद ब्लाक में 500 घरों में गायत्री महायज्ञ करने रणनीति बनाई गई, जिसमे 1 मई को बालोद के पूरे वार्डो में सर्वे सूची तैयार की जावेगी।

हवन सामग्री गायत्री मंदिर से प्रदाय की जावेगी, इसमें जो परिजन स्वयं अपने घर में यज्ञ करना चाहते है वे पूजा किट मंदिर से प्राप्त कर सकते है। किट के साथ यज्ञ करने की सरल विधि दी गई है, जिसके अनुसार व्यक्ति यज्ञ कर सकते है, दक्षिणा स्वेच्छा से होगी, इच्छुक परिजन मंदिर से संपर्क कर नाम दर्ज करा सकते है, या परिजन को बुला सकते है। जिसमे पुरूश आचार्य के रूप में दशरथ कलिहारी, खेमलाल, कमलसाव टीआर साहू, मोहन साहू, दिलीप पटेल, मनेश्वर, मानिकपुरी, त्रिलोक साहू, मुकेश साहू, लोचन साहू, बिरेन्द्र राणा, टिकाराम साहू, मोना साहू को नियुक्त किया गया है। वही महिला आचार्य के रूप में हेमवती सिहारे, रूखमणी साहू, केदार देवांगन, शांति साहू, कुमारी साहू, फामेश्वरी, कौशिकी, इंद्र नायडू, कांती राणा, कांती कमल साव, प्रज्ञा राणा, निर्मला सोनवानी, वृद्वा साहू, पुष्पा यादव, दिलेश्वरी साहू, भूमिका श्रीवास्तव, रामकली साहू, शोभिन पटेल, प्रभा साहू, खेमिन साहू, दलेश्वरी साहू, निर्मला कलिहारी, मोना साहू, ललिता सोरी, जमुना पटेल, शशी साहू, सृहवा साहू, शशी चन्द्राकर, श्रद्वा साहू, सत्याभामा साहू, मोतिन साहू, ममता राजपूत की नियुक्ति की गई है।

# ओरमा में सामाजिक पहल, सरपंच ने कन्यादान स्वरूप दी सहायता राशि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ओरमा ग्राम पंचायत की सरपंच मंजूलता साहू ने अपने चुनावी वादा को पूरा करते हुए दो बेटियों को कन्यादान स्वरूप 3100– 3100 की राशि भेंट की और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस दौरान सरपंच मंजूलता साहू, कमलेश्वरी साहू, वरिष्ठ पंच सुदामा साहू, डोमार कुंभकार, फ़गिनी निषाद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष महादेव निषाद, लीलाधर साहू, बलराम साहू, खिलेश्वर माली, दीनू सोनकर, मनीष यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

मंजूलता साहू ने कहा कि पंचायत चुनाव 2025 में किए गए अधिकांश वादे जनता को समर्पित कर दिए हैं। 14 महीने के कार्यकाल में 14 से ज्यादा घोषणाएं पूर्णता की ओर हैं। आम जनता के सहयोग से ओरमा ग्राम पंचायत को आदर्श पंचायत के तर्ज पर आगे बढ़ाने का प्रयास जारी है। शासकीय योजनाएं सीधे हितग्राहियों के घर तक पहुंचाने का काम चल रहा है।

### ब्रह्माकुमारीज द्वारा 1 से मई सात दिनी समर कैम्प

**बालोद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 1 मई से 7 मई तक सात दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसका समय होगा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11:30 बजे तक। ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा पहली से दसवीं तक विद्यार्थियों के लिये समर कैम्प में मेमोरी डेवलपमेंट के लिये विभिन्न कार्यक्रम रखे जा रहें हैं, जिसके अंतर्गत ड्रॉइंग, पेंटिंग, माइंड पावर, के साथ साथ खेल—खेल में आध्यात्मिक एंव नैतिक शिक्षा, आत्म विश्वास में वृध्दि, योग के प्रकार, अनुशासन, आज्ञाकारी, समय का महत्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजयोग ध्यान सत्र, विविध गतिविधियां, मूल्य आधारित खेल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को प्रेरणादायी एक्टिविटी के माध्यम से सम्पूर्ण मानसिक विकास कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 वीं तक के विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में अपना निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ ले सकते हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

स्वशासी परीक्षा कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा 2026 का परिणाम सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में शनिवार को घोषित किया गया। कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ सप्तम, नवम, एकादश के परिणाम घोषित किया गया। कक्षा अरुण, उदय, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, षष्ठ सप्तम, एकादश का परिणाम 100 प्रतिशत रहा तथा कक्षा नवम का परिणाम 47.3 प्रतिशत रहा।

प्राचार्य पीएल बारले ने सफल विधार्थियो को बधाई देते हुए कहा कि जो जितना मेहनत करते है उनको उतना फल मिलता है। जिनकी मेहनत कम रही उनका परिणाम अच्छा नहीं आया। निराश होने की बजाय मेहनत पर ध्यान दे परिणाम अच्छा आयेगा।

परिक्षेत्रीय साहू समाज पूर्व अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू एवं साहू समाज तहसील पूर्व उपाध्यक्ष डॉ गुलाब साहू ने कहा कि किसान खेतों में बीज डालने के बाद सतत खेतों की निगरानी करते हुए मेहनत करते है तब फसल अच्छी आती है। माता पिता बच्चो को स्कूल भेजने के बाद सतत ध्यान दे तब बच्चो का



आचार व्यवहार और परिणाम अच्छा आने लगेगे। बच्चों एवं माता पिता को वार्षिक परीक्षा परिणाम की ललक ना होना भी बच्चों के प्रति सजगता की दृष्टि से अच्छा परिणाम मूलक नहीं है।

कक्षा अरुण में तेजल चंद्राकर 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा सार्थक 98.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, गुंजन साहू 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा उदय में नित्या बंजारे 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, निकिता ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, रूबी ने 97 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान, मोनिका ने 96 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा प्रथम से जागृति ने 93.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, सेजल चंद्राकर ने 92.5 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा लिशा देवांगन ने 90.5 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा द्वितीय से लावण्या ने 79.5 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा नमन ने 78 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा वंशिका साहू ने 73 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तृतीय से पुष्कर 95 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, समीक्षा पिंजारा 74.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान, काव्या महिपाल 73 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चतुर्थ रितिका 90 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा निखिल ने 85 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सिद्धि ने 75.2 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा षष्ठ से तृषा कौशले ने 75.83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान,पूर्वी बंजारे ने 54.83 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा दीपांशु ने 54 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा सप्तम से आयुष ने 76.6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, रुद्र कुमार ने 72 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा महक चंद्राकर ने 62 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवम से तानिया ने 89.3 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, तन्नु ने 89 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा विराज कौशले ने 85 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एकादश से माधवी ने 83 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान, साधना ने 78.6 प्रतिशत प्राप्त कर दी थी स्थान तथा पूवऍं ने 52 प्रतिशत प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

परिणाम की घोषणा संस्था के प्राचार्य पूरन लाल बारले जी ने किया, इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, सदस्य डॉ. गुलाब साहू एवं पालकगण उपस्थित थे। कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, उपप्राचार्य लिकेश्वर साहू, परमानंद टंडन, धनेश्वरी साहू, प्रीति साहू, सुनीता सेन, शशि यादव, कविता साव, दीपिका साहू उपस्थित थे।

### आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए निगम का विशेष अभियान शुरू

**दुर्ग।** शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग नगर निगम द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निगम की टीम द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने का कार्य नियमित रूप से दो शिफ्टों में किया जा रहा है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**शिक्षकों का श्रम रंग लाया, दी शुभकामानाएं**

# पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के उत्कृष्ट विद्यालय पीएम श्री सेजेस डौंडीलोहारा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शनिवार, 25 अप्रैल 2026 को शाला प्रबंधन विकास समिति, संस्था प्रमुख, शिक्षक-शिक्षिकाओं, विद्यार्थियों एवं पालकों की उपस्थिति में घोषित किया गया। परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अंग्रेजी माध्यम कक्षा 9वीं में लेखशिखा साहू ने 94.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कुमुदनी साहू 94 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 11वीं (विज्ञान) में अमन



देवांगन 87.20 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं योगिता इन्दोरिया 82.40 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 11वीं (वाणिज्य) में रुचि ढालेंद्र ने 85.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि उन्नति कृषान 81.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं। हिन्दी माध्यम कक्षा 9वीं में धात्री साहू 89.33 प्रतिशत के साथ प्रथम एवं कुसुम 75.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय रहीं। वहीं कक्षा 11वीं में प्रवीणा ने 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया तथा खुशबू 68.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर संस्था प्रमुख डी.आर. देवहरे, एसएमडीसी सदस्य दिनेश जैन, धर्मेन्द्र निषाद एवं प्रिंस शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में परीक्षा प्रभारी डी.के. साहू, मनीषा साहू सहित वरिष्ठ व्याख्याता एन.आर. देशमुख, रोहिणी नायक, सीमा जामवंते, प्रीतम कंवर, दीपशिखा हिरवानी, रश्मि पांडे, मेनका ठाकुर, घनश्याम साहू, शशांक सोनकर, अमित चन्द्राकर, मंजुलता देवांगन, सुमन गजभिये, किरण देवांगन, मंजू ताम्रकार, जोबिन मैथ्यू एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411